हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 2 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोयला और लिग्नाइट के उत्पादन में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देश में कोयला उत्पादन एक अरब टन को पार कर गया है। यह कोयला क्षेत्र का तेज़ विकास सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ऊर्जा के महत्वपूर्ण क्षेत्र में यह भारत के आत्मनिर्भर कदम को भी साबित करता है।

कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोयला खनन क्षेत्र में व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इस बड़ी उपलब्धि के लिए उन्होंने कोयला क्षेत्र से सम्बद्ध पक्षों को बधाई दी।

....

विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि सीमा पर तनाव की स्थिति में पाकिस्तान के साथ व्यापार की कोई संभावना नहीं है। सूरत में कल दक्षिणी गुजरात वाणिज्य और उद्योग मंडल के समारोह में डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को खारिज करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। नाम बदलने से तथ्य नहीं बदल जाते। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि चीन को आर्थिक मोर्चे पर मात देने के लिए भारत को विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

....

हरियाणा में 25 मई को 6वें चरण में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कल हरियाणा का दौरा किया और चुनाव प्रबन्धों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता

में चण्डीगढ़ में समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा ने भारत निर्वाचन आयोग से केंद्रीय सुरक्षा बलों की 200 कम्पनियों की मांग की है जिसमें से 15 कम्पनियां आ चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19810 पोलिंग केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके अलावा, सभी पोलिंग केंद्रों का सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी दौरा कर चुके है।

इस बैठक में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग की टीम को बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजन व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए है। उन्हें घर से मतदान केंद्र तक लाने व छोडने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में शत प्रतिशत फोटो युक्त पहचान पत्र बनाए जा चुके है।

....

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने वर्ष 2024-25 के लिए 13 समितियां गठित की हैं। हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। नियम समिति के ज्ञानचंद गुप्ता पदेन अध्यक्ष, विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दुष्यंत चौटाला, किरण चौधरी, गीता भुक्कल, अभय सिंह चौटाला, घनश्याम दास अरोड़ा तथा सुधीर कुमार सिंगला सदस्य होंगे।

आवास समिति के विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा पदेन अध्यक्ष, जबकि हरविंद्र कल्याण, आफताब अहमद, रामकुमार गौतम व रणधीर सिंह गोलन कमेटी के सदस्य होंगे। लोक लेखा समिति के अध्यक्ष विधायक वरुण चौधरी होंगे, जबकि रामकुमार कश्यप, नरेंद्र गुप्ता, भव्य बिश्नोई, अमित सिहाग, सुरेंद्र पंवार, जोगीराम सिहाग, रामनिवास व रणधीर सिंह गोलन इसके सदस्य होंगे। वही

प्राक्कलन समिति की अध्यक्ष कमलेश □ांडा, होंगी और लोक उपक्रमों संबंधी समिति के अध्यक्ष अनिल विज को होंगे।

अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए गठित कमेटी के अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता होंगे। इस कमेटी में अनूप धानक, लक्ष्मण नापा, राजेश नागर, रेनू बाला, शीशपाल सिंह, चिरंजीव राव, राम करण व धर्मपाल गोंदर सदस्य होंगे।

आफताब अहमद सरकारी आश्वासनों के बारे गठित समिति के अध्यक्ष होंगे और अधीनस्थ विधान समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव होंगे।

याचिका समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अरोड़ा होंगे और स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं संबंधी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव होंगे। दीपक मंगला को जन स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली तथा लोक निर्माण भवन व सड़कों का अध्यक्ष बनाया गया है और शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाएं समिति का अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बबली की बनाया गया। विशेषाधिकार समिति का अध्यक्ष संदीप सिंह को बनाया गया है।

....

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर कल से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ा जड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण नि:शुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 3 अप्रैल को ही अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

....